## कार्यालय जनपद न्यायाधीश, कासगंज।

## अल्पकालीन निविदा सूचना

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा निर्गत पत्र सं0 1625/एडमिन (बी-1) सेक्शन दिनांकित 14.05.2024 के अनुक्रम में वित्तीय वर्ष 2024-2025 की शेष अवधि (दिनांक 01.06.2024 से 31.03.2025) के लिये जनपद न्यायालय कासगंज के 18 न्यायालय भवन स्थित मामों, कासगंज में क्रमशः **(1)- कार/मोटर साईकिल/ साईकिल स्टैण्ड**, **(2)- कैंटीन** एवं **(3)- फोटो स्टेट** हेतु ठेके की नीलामी हेतु दिनांक 27.05.2024 को समय 2:00 बजे तक कार्यालय केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय कासगंज पृथक पृथक ठेके हेतु सील बंद निविदाए आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाए दिनांक 27.05.2024 को समय 4:30 बजे नीलामी समिति के समक्ष खोली जायेंगी।

निविदा हेतु नियम व शर्तें निम्नवत हैं।

1- समस्त ठेकों की अवधि वित्तीय वर्ष 2024-2025 की शेष अवधि (दिनांक 01.06.2024 से दिनांक 31.03.2025 के लिये) तय रहेगी।

2- सबसे उच्च मूल्य की निविदा स्वीकार की जायेगी। निविदा के साथ पहचान पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

3- ठेके की धनराशि का 1/2 भाग उसी समय जमा करना होगा, शेष 1/4 भाग माह सितम्बर 2024 में एवं शेष 1/4 भाग माह दिसम्बर 2024 के प्रथम सप्ताह में जमा करना होगा।

**3A-** ठेका कार/मोटर साईकिल/ साईकिल स्टैण्ड वित्तीय वर्ष 2022-23 में ठेका 14,05,000/- रुपये में छोड़ा गया था। इस प्रकार पूर्व वित्तीय वर्ष 2022-23 में 10 प्रतिशत बढ़ाकर वर्तमान वित्तीय वर्ष में बचे/शेष समय के अनुपात में आरक्षित बोली कुल मु0 12,87,917/- रुपये से निविदा आमंत्रित की जायेगी।

**3B-** ठेका कैंटीन वित्तीय वर्ष 2021-22 की अंतिम तिमाही में ठेका 6,40,800/- रुपये में छोड़ा गया था। ठेका कैंटीन हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में नीलामी के लिये बोलीदाता उपलब्ध न होने के कारण नीलामी की प्रक्रिया नही हो सकी। इस प्रकार पूर्व वित्तीय वर्ष 2021-22 में 10 प्रतिशत बढ़ाकर वर्तमान वित्तीय वर्ष में बचे/शेष समय के अनुपात में आरक्षित बोली कुल मु0 5,87,400/- रुपये से निविदा आमंत्रित की जायेगी।

**3C-** ठेका फोटोकापी हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में ठेका 6,72,000/- रुपये में छोड़ा गया था। इस प्रकार पूर्व वित्तीय वर्ष 2022-23 में 10 प्रतिशत बढ़ाकर वर्तमान वित्तीय वर्ष में बचे/शेष समय के अनुपात में आरक्षित बोली कुल मु0 6,16,000/- रुपये से निविदा आमंत्रित की जायेगी।

4- निविदा प्रस्तुत करने वाला व्यक्ति प्रतिबंधित सूची के अन्तर्गत न आता हो और कोई आपराधिक मामला पंजीकृत न हुआ हो और न ही किसी भी प्रकार का मामला विचाराधीन हो।

5- निविदा स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश कासगंज के पास सुरक्षित रहेगा।

6- ठेकेदारों को अपनी दुकान व आस-पास की साफ सफाई की व्यवस्था स्वयं करनी होगी एवं माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र सं0 139 दिनांक 18.03.1979 के अनुसार प्रत्येक सामान की दर सूची प्रभारी अधिकारी केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय कासगंज द्वारा सत्यापित करा कर ऐसे स्थान पर लगानी होगी जहाँ से प्रत्येक ग्राहक सूची को आसानी से देख सके।

7- ठेकेदार ठेके की अवधि में उपभोग की गयी विद्युत का खर्चा स्वयं वहन करेगा।

8- ठेकेदार के पक्ष में छोड़े गये ठेके की धनराशि के मूल्य के जमानत प्रपत्र प्रस्तुत करने होगें एवं जिस व्यक्ति के नाम ठेका होगा उसे माननीय उच्च न्यायालय के प्रपत्र सं0 31/S दिनांकित 16.03.1988 में दी गयी शर्तों के अनुसार ठेकेदार को निविदा स्वीकृति के पश्चात 100/- रुपये का स्टाम्प पेपर ले कर आना होगा और अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा।

दिनांक- .05.2024

(अनुतोष कुमार शर्मा)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0 01
कासगंज।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

01- जिला सूचना अधिकारी कासगंज को G.O. No. 562/19-2-2007-1007(T.C.) दिनांकित 04.07.2007 के अनुरूप समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में नि:शुल्क प्रकाशन कराये जाने हेतु।

02- निदेशक सूचना एवं जनसंम्पर्क विभाग उ0प्र0 लखनऊ को G.O. No. 562/19-2-2007-1007(T.C.) दिनांकित 04.07.2007 के अनुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।

03- 18 न्यायालय कक्ष भवन जजी कासगंज के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

04- कलेक्ट्रेट कासगंज के सूचनापट पर चस्पा किये जाने हेतु।

05- नोडल अधिकारी कम्प्यूटर को जनपद न्यायालय कासगंज एवं माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

दिनांक- 18.05.2024

Anutosh 18.5.24

(अनुतोष कुमार शर्मा),
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0-01
कासगंज।

## कार्यालय जनपद न्यायाधीश, कासगंज।

## वित्तीय वर्ष 2024-2025 की शेष अवधि दिनांक 01.06.2024 से 31.03.2025 तक न्यायालय परिसर, कासगंज के विभिन्न ठेकों हेतु निविदा फॉर्म

निविदा जिस ठेके हेतु प्रस्तुत, का नाम:-....................................

प्रथम पक्ष:-

निविदाकर्ता का नाम :-................................................

पिता का नाम :-................................................

स्थायी पता :-................................................

................................................

वर्तमान पता :-................................................

................................................

मोबाइल नं0 :-................................................

आधार नं0 :-................................................

ई-मेल आई 0 डी0 :-................................................

आवेदित ठेके की प्रस्तावित धनराशि :-................................................

अनुज्ञाप्तिदाता:- ठेका नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, कासगंज।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में बचे/शेष समय के अनुपात में ठेका नीलामी की आरक्षित बोली की राशि का विवरण निम्नवत है।

| क्रम सं0 | नीलामी की विषय वस्तु | वर्तमान न्यूनतम धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | कार/मोटर साईकिल/ साईकिल स्टैण्ड | मु0 12,87,917/- रुपये, |
| 2 | कैंटीन | मु0 5,87,400/- रुपये |
| 3 | फोटो स्टेट | मु0 6,16,000/- रुपये |

निविदा की शर्तें निविदा सूचना में अंकित है। निविदा फार्म प्रस्तुत करने वाले निविदाकर्ता के द्वारा बन्द निविदा के साथ पहचान-पत्र जैसे मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड की छायाप्रति नवीनतम फोटोग्राफ संलग्न करना आवश्यक होगा।

नोट:- सील बन्द निविदा दिनांक 27.05.2024 को समय 02:00 बजे तक प्राप्त/स्वीकार होंगी तथा दिनांक 27.05.2024 को समय 04:30 बजे निविदाकर्ता की उपस्थिति में ठेका नीलामी समिति के समक्ष खोला जायेगा।

मुझे निविदा की समस्त शर्तें स्वीकार है।

हस्ताक्षर

निविदाकर्ता(प्रथम पक्ष)...........................

पिता का नाम:-...........................

पता :-...........................

...........................

मोबाइल नं0 :-...........................